Govt.of MadhyaPradesh

मध्य प्रदेश शासन

Office of the Field Director

Panna Tiger Reserve

Panna, Madhya Pradesh, (India)

Phone No. +917732-252135 (O) **Fax,** +917732-252120

E-mail: fdptr@rediffmail.com **Website:** www.pannatigerreserve.in

Panna Tiger Reserve

पन्ना टाईगर रिजर्व

प्रेस नोट

पन्ना टाईगर रिजर्व के परिक्षेत्र चन्द्रनगर में एक तेंदुए की मौत

दिनांक 14.6.2012 को पन्ना टाईगर रिजर्व के परिक्षेत्र चन्द्रनगर की बीट राजगढ़ के कक्ष क्रमांक 666 चिल्लाघाट केन नदी में एक नर वयस्क तेंदुआ मृत पाया गया। मृत तेंदुए की कुल लम्बाई 2.30 मीटर ह। मृत तेंदुए की खोपड़ी, गले एवं शरीर के विभिन्न भागों में बाघ के दांतों एवं नाखूनों के निशान पाये गये। मृत तेंदुए के सभी दांत, नाखून एवं चमड़ा सुरक्षित पाया गया। इस स्थान पर कल दिनांक 13–14.6.2012 की रात्रि में बाघ टी–3 यहां पर आया था एवं इसके लड़ने की जोर–जोर आवाजें रात्रि 11.10 बजे बाघ अनुश्रवण पार्टी एवं नियमित रूप से रात्रि में निरीक्षण पर गये परिक्षेत्र अधिकारी हिनौता के द्वारा सुनी गई है। स्थल निरीक्षण के दौरान टी–3 के पदचिन्ह मृत तेंदुए के शरीर के एकदम पास ही तेंदुए के पदचिन्हों के साथ–साथ पाये गये हैं। मृत तेंदुए का पोस्ट मार्टम पन्ना टाईगर रिजर्व के वन्य प्राणी चिकित्सक डा0 संजीव कुमार गुप्ता के द्वारा किया गया है। प्रथम दृष्ट्या तेंदुए की मृत्यु का कारण बाघ टी–3 से हुई लड़ाई है। मौके की समस्त कार्यवाही उप संचालक पन्ना टाईगर रिजर्व के मार्गदर्शन में सहायक संचालक मड़ला के नेतृत्व में परिक्षेत्र अधिकारी चन्द्रनगर, मड़ला एवं अन्य स्टाफ द्वारा की गई।

यह सब पन्ना टाईगर रिजर्व की पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था एवं गश्त के कारण ही संभव हो सका है। रेड एलर्ट के तहत पार्क के अन्दर एवं बाह्य सीमा में नियमित गश्त जारी है।

'' जय हिन्द, जय भारत ''

दिनांक – 14.06.2012

उप संचालक
पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना

मृत तेंदुआ

मृत तेंदुआ एवं बाघ के पंजे के निशान